# वार्षिक प्रगति–प्रतिवेदन

## वर्ष –2024




## उदय–द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति मुरैना

आई.टी.आई. के पीछे, सिकरवार हैल्थ क्लब के पास, सुभाष नगर जिला मुरैना

सचिव
उदय–द–राइजिंग
शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण
समिति

## पृष्ठ भूमि –

उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति का गठन कुछ पेशेवर विकासकर्मी, व्यवसायी व शिक्षाविदों द्वारा की गई थी। यह मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1973 के अंतर्गत ग्वालियर से रजिस्टर्ड किया गया है। और संस्था के द्वारा बनाये गये अपने कुछ सिद्धान्त भी है जिसके माध्यम से संस्था के समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगी। एवं संस्था के माध्यम से समाजिक कुरीतियों को भी दूर करेगी।

यह एक गैर लाभकारी स्वैच्छिक संगठन है।

## विजन –

उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति का हिंसा, भ्रष्टाचार एवं पर्यावरण मुक्त समाज की स्थापना करना।

## मिशन –

उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति गरीब, पिछडे, कमजोर, असहाय एवं अल्पसंख्यक समुदाय की क्षमता वृद्धि, जागरूकता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से शांतिपूर्ण समाज की स्थापना करना एवं कमजोर वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोडना। जिससे वे अपने समाज को एक नई दिशा एवं सोच दे सके।

## सिद्धान्त –

हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निम्न सिद्धांतो में विश्वास करते

है –

1. जिम्मेदारी
2. पारदर्शिता
3. सहभागिता

सचिव
उदय–द–राइजिंग
शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण
समिति

## उद्देश्य –

- ✓ रोजगार के माध्यम से लोगो को लाभान्वित करना ।
- ✓ ग्रामीण, शहरी, एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग से पर्यावरण,जैविक कृषि एवं वृक्षारोपण का कार्य करना है।
- ✓ महिलाओं एवं बालकों के कल्याण हेतु कार्य करना।
- ✓ योजना निर्माण, क्रियान्वयन एवं ग्राम विकास के कार्यो की समीक्षा में समाज के अंतिम व्यक्ति की पहुंच सुनिश्चित करना।
- ✓ महिलाओं को वैकल्पिक आय के स्त्रोत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान कर को सूक्ष्म वित्तय गतिविधियों से जोडना जिससे वे अपने परिवार एवं समाज के लिए नई दिशा हेतु कार्य कर सके।
- ✓ समुदाय के सशक्तिकरण के लिए मूलभूत अधिकार शिक्षा व स्वास्थ्य हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करना।

## संस्था के सेवा क्षेत्र –


01. हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम
02. संस्कृति कार्यक्रम
03. महान संत जयंती
04. सड़क सुरक्षा कार्यक्रम
05. उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम
06. पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम
07. साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी कार्यक्रम
08. निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम
09. दिवस एवं साप्ताहिक कार्यक्रम
10. स्वास्थ्य जागरूकता शिविर
11. बेटी बचाओ जागरूकता कार्यक्रम
12. खेल–कूद गतिविधियां
13. विश्व योगा दिवस

सचिव
उदय–द–राइजिंग
शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण
समिति

1. **<u>हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>**– संस्था उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा चार शहर का नाका, ग्वालियर में हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाॅ महिलाओं ने जूट कपड़े से विभिन्न प्रकार के जूट बैग, वाल हैगिंग, फाईल कवर, डोरमेट, कई प्रकार के झूले, मोबाइल कवर, बोतल कवर, आदि और भी अन्य प्रकार के सामान तैयार करना सीखा। इस प्रशिक्षण में महिलाओं ने जूट कपड़े से बैग बनाने के अतिरिक्त उन पर लेस व छपाई के कई प्रकार से डिजायन बनाना सीखा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार मिला और वे आत्मनिर्भर बनी।



2. **<u>सांस्कृतिक कार्यक्रम</u>** – संस्था उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा विगत कई वर्षो से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इस वर्ष यह कार्यक्रम मितावली गांव में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कवि सम्मेलन, डान्स प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से वालक बालिकाओ को एक मंच प्रदान कर उनको एक नई दिशा प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शोभा यादव जी समाजसेवी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



3. **<u>महान संत जयंती</u> :–** संस्था उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा भारत वर्ष के कई महान संत जैसे– कबीरदास जी, तुलसीदास जी, विवेकानन्द जी और भी कई महान साधु एवं सतों की जयन्ती ग्राम घुरघान में मनाकर उनके महान कार्यो एवं विचारों से अवगत होते हैं और उनके महान विचारों पर चलने की प्रेरणा जन समुदाय को देकर जयंती मनाते हैं।

सचिव
उदय–द–राइजिंग
[illegible]
समिति

4 <u>सड़क सुरक्षा कार्यक्रम</u> :- उदय -द- राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा ग्राम मुड़ियाखेड़ा में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने एवं हमेशा हेलमेट पहनने एवं शीट बेल्ट का इस्तेमाल करने की जानकारी प्रदान की जाती है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

5. **<u>उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम</u>:-** संस्था उदय -द- राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविरों का आयोजन कर समुदायों को एकत्रित कर उनको उपभोक्ताओं के अधिकारों से अवगत कराया जाता है एवं सतर्क रहने के नियमों से भी अवगत कराया जाता है। इससे लगभग 250 से अधिक आमजन लाभान्वित हुऐ।

6 **<u>पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम</u>-** संस्था उदय -द- राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा ग्राम मुंगावली में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने व ग्रामीण क्षेत्रो में वृक्षारोपण करने हेतु प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 220 पेडों का संकल्प लिया है। परन्तु 180 पेडों को संस्था के द्वारा लगाया गया एवं 200 वृक्षों का वितरण किया गया

7. **<u>साईन्स एंड टैक्नोलॉजी प्रोग्राम</u>-** संस्था उदय -द- राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा विज्ञान एवं प्रौधौगिकी कार्यक्रमों के अन्तर्गत नवाचार कार्यक्रम विज्ञान मेला, चित्रकला, मॉडल प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिताऐं, रोल प्ले के माध्यम से विज्ञान की नई गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है। यह कार्यक्रम विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य महोदय को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मेजर हेमंत जकाते विद्यानिकेतन स्कूल नागपुर, जवाहरलाल नेहरू विद्यालय नागपुर, श्री सांईनाथ कॉन्वेंट एण्ड जूनियर कॉलेज नागपुर आदि स्कूलों के लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। वच्चों के द्वारा सांइस संबंधी मॉडल भी तैयार किये गये।

सचिव
उदय-द-राइजिंग
शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण
समिति






8. **<u>निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम</u>** - संस्था उदय -द- राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा कोविड-19 के समय देश में लॉकडाउन के समय कामकाज बंद होने के कारण शहर एवं गावों के विभिन्न स्थानों पर मुफ्त खाना पानी वितरण किया गया, जिससे कि लोगों को कुछ आर्थिक राहत मिल सके।

9. **<u>दिवस एवं साप्ताहिक कार्यक्रम</u>**- संस्था उदय -द- राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा गांधी जयंती, अम्बेडकर जयंती, लालबहादुर शास्त्री जयंती और भी कई देश भक्तों जो कि देश की आजादी में अहम भूमिका रही उनकी समय समय पर जयंती का आयोजन किया जाता है। जिससे देश की आजादी में उनके योगदान के महत्तव हो जान सकें।

10. **<u>स्वास्थ्य जागरूकता शिविर</u>** - संस्था उदय -द- राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा मुरैना जिले के ग्राम नूराबाद में निःशुल्क चिकित्सा/स्वास्थ्य परीक्षण शिवरों को आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविरों के द्वारा 250 महिलाऐं एवं 75 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाई प्रदान की गई। एवं संस्था द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें लगभग 80 लोगो का नेत्र ऑपरेशन किया गया एवं 225 चश्मों का वितरण किया गया। हम जानते है कि अनिवार्य टीकाकरण हर बच्चे का अधिकार है और उसे यह अधिकार दिलाने में किसी तरह की लापरवाही अक्षम्य हैं। संस्था ने अपने स्तर पर शिविरों के माध्यम से जन जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया।

**<u>उद्देश्य :-</u>**

- नेत्र शिविर के माध्यम से निःशुल्क ऑपरेशन करना।
- मलेरिया,पल्स-पोलियों,टी.वी.एच.आई.वी/एड्स जैसी खतरनाक बीमारियों के प्रति जन - जाग्रति पैदा करना।

सचिव
उदय-द-राइजिंग
शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण
समिति

- जीवन प्रत्याशा की सीमा को बढाना।
- आर.सी.एच. कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करना।
- टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाना।
- मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाना

11. **<u>बेटी बचाओं जागरूकता कार्यक्रम</u>** – संस्था उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा ग्राम पढ़ावली मुरैना में बेटी बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आमजनों को बेटी बचाने के लिए जागरूक किया गया व रैली निकालकर पेम्पलेट्स वितरण कर जनमानस को बेटीयों की सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया। लोगों को समझाइस दी गई कि किस प्रकार बेटी के होने पर सामाजिक स्तर पर महिला–पुरूषों के अनुपात को बनाकर रखना जरूरी है। जिससे समाज व देश में महिला–पुरूषों के अनुपात में भिन्नता न उत्पन्न हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती व्यंजना मिश्रा ने की।

12. **<u>खेल–कूद गतिविधियां</u>** – संस्था उदय–द–राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा मुरैना के विभिन्न स्कूलों में छात्रों के लिये खेल–कूद गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें कबडडी, हॉकी आदि जैसे और कई खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों का उददेश्य बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देना होता है।

13. **<u>योग प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>** :– उदय –द– राइजिंग शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति योग स्वस्थ रहने की अद्‌भुत कला है, निरोगी काया जीवन का पहला सुख है, महापुरूष बाबा रामदेव की यह बहुत बड़ी देन है। अब माननीय प्रधानमंत्री जी ने योग दिवस की धोषित कर विश्वभर में योग दिवस का आयोजन किया जाता है, समिति वर्ष में दो बार प्रशिक्षण व्यवस्था कर रोग रहित समाज को जागृत करने का प्रयास कर रही है।

सचिव
उदय–द–राइजिंग
शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण
समिति

सचिव
उदय–द–राइजिंग
शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण
समिति